लखनऊ में नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़; नमक-तेल, टॉयलेट क्लीनर के साथ बड़ी कंपनियों के स्टीकर बरामद, नकली उत्पाद किये सील - Raid on fake factory

लखनऊ : जिले के निगोहां थाना क्षेत्र के कस्बे में नामचीन कंपनी ने पुलिस के साथ बड़ा खुलासा किया है. निगोहां कस्बा स्टेशन मार्ग पर एक मकान में चल रही अवैध नमक, ऑयल और तेल की फैक्ट्री पर नामचीन कंपनी के कर्मचारियों और निगोहां पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की. इस दौरान भारी मात्रा में नकली उत्पाद बरामद किए. छापेमारी के दौरान संचालक मौके से फरार हो गया.

प्रतिष्ठित कंपनी के अधिकृत जांच अधिकारी अमित कुमार के अनुसार, उन्हें पिछले कुछ दिनों से निगोहां में नकली नमक और अन्य उत्पादों की बनावट की सूचना मिल रही थी. सूचना पर कार्रवाई करते हुए उनकी टीम और एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने निगोहां कस्बा स्टेशन मार्ग पर स्थित भुइयादीन के मकान और दुकान में छापेमारी की. इस दौरान उन्हें प्रतिष्ठित कंपनी का एक किलो नमक की 2752 खाली पैकेट, 558 भरे हुए नमक के पैकेट, ऑयल की एक किग्रा की 107 बोतल, सरसों तेल की 143 बोतल, टॉयलेट क्लीनर के 618 पीस, बड़ी कंपनियों के 62 स्टिकर, 164 पीस नकली नमक की भी बरामदगी की गई. अधिकृत जांच अधिकारी अमित कुमार के अनुसार, दुकान में मौजूद युवक ने अपना नाम सत्यम गुप्ता बताया है. छापेमारी के दौरान संचालक भागने में सफल रहा. पुलिस ने मुकदमा दर्जकर सभी बरामद नकली उत्पादों को सील कर दिया है.

एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के मुताबिक, निगोहां थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर कई दिनों से नामचीन कंपनी के नाम से नमक की उत्पादन की शिकायत कंपनी के कर्मचारियों को मिल रही थी. कंपनी के कर्मचारियों ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की. संयुक्त टीम ने शनिवार को छापेमारी की. छापेमारी के दौरान नमक समेत सरसों का तेल और टॉयलेट क्लीनर का नकली उत्पाद भारी मात्रा में बरामद किया. मौके से गोदाम संचालक फरार हो गया. पुलिस द्वारा गोदाम को सील कर नकली उत्पादों की जांच के लिए लैब भेज दिया गया है. दुकान मालिक समेत गोदाम संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/raid-on-fake-factory-manufacturing-salt-oil-and-toilet-cleaner-in-lucknow-news-uttar-pradesh-news-ups24083106055